खण्ड-12 1193 / 01/08/16 संख्या-13

# एकादश

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग- 2

# कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

मंगलवार, तिथि 14 जुलाई 1998 ई०

उठाने के लिए भभुआ(कैमूर) में हरिजन आदिवासी आवासीय उच्च बालिका विद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## ट्रीटमेंट प्लान्ट की व्यवस्था

**१३६९. श्री भोला प्रसाद यादव** - क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बांका भागलपुर की सीमा पर शिव शंकर केमिकल लिमिटेड नाम का एक शराब फैक्ट्री है, जिसके दुर्गन्ध से करीब 25-30 किलोमीटर तक वातावरण प्रदूषित रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्त्राव जल अधिनियम के अनुसार फैक्ट्री की प्रदूषण मुक्ति के लिए ट्रीटमेन्ट प्लांट का निर्माण कराना है;

(3) क्या यह बात सही है कि शिव शंकर केमिकल लिमिटेड अब तक ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण नहीं करवाया है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त फैक्ट्री में ट्रीटमेंट प्लांट लगवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## शिक्षकों का पदस्थापन

**१३७०. श्री जवाहीर प्रसाद** - क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नोहटा प्रखंड, रोहतास प्रखंड एवं तिलौंध प्रखंड के उच्च विद्यालयों में 1994 से शिक्षक का पद रिक्त है;

(2) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में शिक्षकों का पदस्थापन करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?